## अमरवाड़ा में कृषि भूमि पर हो रही अवैध प्लाटिंग

### फलफूल रहा जमीन की खरीद फरोख्त का कारोबार, जिम्मेदार बेखबर

**अमरवाड़ा, देशबन्धु।** अमरवाड़ा राजस्व के सर्किल क्षेत्र में खेतों में सस्ती दरों में कृषि भूमि खरीदकर महंगी दरों पर अवैध प्लाट बेचे जा रहे हैं। यह सब कुछ अधिकारियों की अनदेखी के कारण हो रहा है। इस तरह बिना डायवर्सन व रेरा के कृषि भूमि पर अवैध प्लाट काटे जा रहे हैं। स्थानीय राजस्व प्रशासन कार्रवाई करने से हमेशा बचता नजर आ रहा है। ना तो डायवर्सन और एनओसी इसके बाद भी खेतों में फसलों के स्थान पर प्लाट काटी जा रहे हैं। बीते सालों में कोरोना काल के बाद यह कारोबार तेजी से फल-फूल गया। जिन खेतों में फसले लहलहाती थी,वहां अब प्लाट काटे जा रहे हैं।

भू-कारोबारी किसानों से एक साथ कृषि भूमि खरीद लेते हैं। इसके बाद बिना डायवर्सन और अन्य जरूरी अनुमतियां लिए बगैर प्लाट काटकर उन्हें बेचने लगते हैं। नियम विरुद्ध काटी जा रही कालोनियों के चलते स्वच्छ और सुंदर शहर के मास्टर प्लान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। क्षेत्र में काटी जा रही इन अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अब तक कोई भी कठोर कार्रवाई नहीं हो सकी है जबकि जिले में अवैध कॉलोनी को लेकर ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है।

अमरवाड़ा के छिंदवाड़ा रोड स्थित साईं मंदिर पुलिया के पास मैंन रोड पर कहकर अंदर प्लाटिंग कर दी गई जबकि वहां पानी,बिजली और सड़क की भी कोई व्यवस्था नहीं है। बताया जा रहा है कि अब प्लॉट खरीददार स्वयं अपने पैसों से बिजली और पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। वहीं कुछ खरीददारों से तो शुरुआती कुछ एडवांस पैसे ले लिए गए परंतु उन्होंने जब वहां वस्तु स्थिति जाकर देखी तो खरीददारों ने प्लाट लेने से मना कर दिया। ऐसे में अब प्रॉपर्टी डीलर और विक्रेता उन खरीददारों को उनके पैसे देने में आनाकानी कर रहे हैं। हालांकि देखना होगा की खबर प्रकाशन के बाद प्रशासन क्या कार्यवाही करता है।

## बिजली कटौती, खाद संकट को लेकर कांग्रेस का धरना

### राज्यपाल के नाम दिया तहसीलदार को ज्ञापन

**बिछुआ, देशबन्धु।** नगर के बस स्टैण्ड में ब्लाक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने बिजली कटौती, खाद संकट, नगर 12 सौ मीटर सड़क निर्माण मांगों लेकर बस स्टैंड में धरना प्रदर्शन किया। आम नागरिकों को सम्बोधित करते विधायक सुजीत सिंह चौधरी ने प्रदेश भाजपा सरकार किसान ,युवा , महिला परेशान हैं। आज तीन एचपी कनेक्शन वाले किसानों को छह एचपी कनेक्शन बिल दे रही है। वही प्रदेश सरकार बुधनी और विजयपुर में उपचुनाव चल रहे वह किसानों पर्याप्त डीएपी यूरिया वितरण कर रही है। उपचुनाव वाले क्षेत्र छोड़कर पूरे प्रदेश किसान डीएपी और खाद के लिए लाइन लगी रहे, फिर उन्हें डीएपी और यूरियां खाद नहीं मिल रही है। नगर भाजपा 25 साल सरकार होने बावजूद 12 सौ मीटर सड़क निर्माण नहीं कर पा रही सरकार, जबकि इन्दौर से उज्जैन सड़क को फोर लाइन से सीक्स लाइन करने हजारों करोड़ रूपये दे रहे।

विधायक चौधरी ने अन्य मुद्दों उठाकर केन्द्र और राज्य सरकार को घेरा। विधायक प्रतिनिधि इंन्द्रपाल पटेल ने कहा कि बिजली कटौती, खाद-बीज के लिए किसान परेशान हैं। वहीं भाजपा बिछुआ में तीन इंजन सरकार रहने बावजूद भी नगर की 12 सौ मीटर सड़क नहीं बन रही है। सड़क के लिए नगरवासियों को आंदोलन कर रहा है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह ठाकुर ने सभा सम्बोधित करते हुए कहा कि बिछुआ सरकार के आफिस भ्रष्टाचार के केंद्र बन गए हैं। पार्वती बनने के लिए 5000 रुपयै लिए जा रहे हैं।इस सरकार महंगाई भ्रष्टाचार चरम पर है।मगर कोई सुनने वाला नहीं है। सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार पहुंचकर सरकार खिलाफ नारेबाजी कर क्षेत्र विभिन्न मांगों लेकर राज्यपाल के नाम तहसीलदार ज्ञापन दिया। विधायक चौधरी ने ज्ञापन देते हुए बताया कि नगर बिछुआ का मुख्य मार्ग बस स्टैण्ड से पावर हाउस तक जिससे पूरे ब्लॉक का आवागमन होता है तथा शासकीय कार्यालय विधालय, एवं कालेज के बच्चे भी आना जाना करते है उक्त 8-10 वर्षों से चलने लायक नहीं बचा है। बरसात मे गढढों मे पानी भरने से कई दुर्घटनाएं हो चुकी है। इसलिये 1220 मीटर के इस डिवाइडर सडक का निर्माण कराया जाए। ज्ञापन देते समय विधायक सुजीत सिंह चौधरी, विधान सभा प्रभारी अशोक तिवारी, प्रर्यवेक्षक रामकृष्ण माटे, जिलामंत्री इंर्दपाल पटेल, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह ठाकुर,जानिकराम मर्सकोले, मानिकराव मर्सकोले,देशलाल धुर्वे,अंतरलाल कुमरे,कोठीराम धुर्वे,पं.अवध बिहारी दुबे सहित कांग्रेस कार्यकार्ता मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### राठी जिनिंग में कपास खरीदी शुरू पहले दिन 6971 रुपए रहा भाव

**सौसर, देशबन्धु।** नगर कें राठी जिनिंग मे कपास खरीदी का मुहूर्त क्षेत्र के विधायक विजय चौरे, पूर्व विधायक अजय चौरे के मुख्य आतिथ्य मे एवं जिनिंग के संचालक पूर्व नपा अध्यक्ष संजय राठी, राजू राठी की प्रमुख उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अतिथियों द्वारा किसानो का तिलक लगाकर सत्कार किया गया. किसान रामु किनकर मूंगनापार का शुभमुहूर्त पर पहले कपास खरीदी 6971 रूपये प्रति क्विंटल से की गयी। इस अवसर पर सतीश बोड़खे, राजीव जैस्वाल,होमश्वरम मोहोड, सुनील भानगे,रामराव बेंडे, बापू भोंगाडे, गंगाधर भोंगाड़े, विजय आमले, उमेश वनकर, गिरीराज माहेश्वरी, राजू खारकर एवं समस्त किसान वर्ग, समस्त जिनिंग संचालक उपस्थित थे. राठी काटन जीनिंग के संचालक संजय राठी ने कृषक बंधुओ से निवेदन किया है कि नमी वाला कपास न लाए सुखा कपास अगर लाते हैं तो उन्हें सही मूल्य मिल पाएगा।

### गुड़ भट्टी, मिल संचालकों की बैठक में दिए सुरक्षा संबंधी निर्देश

**करकबेल, देशबन्धु।** ठेमी थाना क्षेत्र में पूरी सुरक्षा के साथ मिल एवं गुड़ भट्टियां संचालित हो इसे लेकर शुगर मिल खांडसारी मिल मालिकों के साथ पुलिस थाना ठेमी में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। जिसमें अवगत कराया गया कि मजदूरों एवं बाहर से आने वाले भट्टी संचालकों के नाम आधार कार्ड उनके बैंक खातों की जानकारी पहले ही लें लै और गूगल फार्म सूचना दे। कोई अनैतिक गतिविधियां जानकारी में भरकर पुलिस को या संदेह शंका प्रतीत होती है तो तत्काल पुलिस को सूचना दे। कृषक भरोसे वाले संचालकों को ही गन्ना नगद मूल्य लेकर ही बेचे। सात दिनों में ही संपूर्ण भुगतान करवाया जाए। बैठक में एसडीओपी थाना गोटेगांव श्रीमती भावना मरावी ठेमी थाना प्रभारी नगर निरीक्षक सहित समस्त स्टाफ गुड भट्टी संचालक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### यातायात नियमों का पालन न करने पर पुलिस ने काटा चालान

**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर में विगत रात्रि विशेष अभियान के तहत शुक्रवार की शाम पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें एक करीब 13 वाहनों का चालान काटते हुए यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया गया। पुलिस टीम की सक्रियता से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा, पुलिस थाना एसडीओपी भावना मरावी एवं थाना प्रभारी प्रदीप सराफ के नेतृत्व में बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई, नियम विरुद्ध मोटरसाइकिल चलाने एवं तेज आवाज वाले साइलेंसर का इस्तेमाल करने पर वं मोटरसाइकिल पर तीन सवारी बैठाने पर पुलिस ने कार्रवाई की, वहीं पुलिस थाना प्रभारी द्वारा यातायात नियमों के प्रति आमजनों को जागरुक किया जा रहा है साथ ही यातायात को बाधित करने वालों को समझाईस भी दी जा रही है।जहां 13 वाहनों के चालान काटे गए और उन से 5500 रुपये समन शुल्क बसूला गया। विशेष अभियान के तहत तहत शुक्रवार की शाम पुलिस टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें एक करीब 13 वाहनों का चालान काटते हुए यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया गया। पुलिस टीम की सक्रियता से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।स्मरण हो कि नवागत नगर निरीक्षक प्रदीप सराफ द्वारा गोटेगांव पुलिस थाने की कमान संभालने के बाद एक के बाद एक ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है जिससे अपराधियों में हड़कंप की स्थिति देखी जा रही है।

### डहरवाल कलार समाज ने मनाई भगवान सहस्त्रअर्जुन जयंती

**सौसर, देशबन्धु।** कलार समाज सौंसर द्वारा भगवान सहस्त्रअर्जुन क़ी जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गयी ,सुबह 9 बजे हनुमान मन्दिर वार्ड न 08 मे पूजा अर्चना कर दोपहर 12 बजे रैली के माध्यम से नगर भ्रमण किया गया शाम 7 बजे 10वी, 12वी मे प्रथम, द्वितीय आने वाले छात्र छात्राओं तथा समाज के बुजुर्गो का सम्मान किया गया, इस अवसर पर पंकज लोनारे, भीमराव वाघमारे,कालीचरण बाविस्टाले, गुड्डू बाउस्कर, पवन बाविस्टाले, अल्केश बाविस्टाले, जीतू लोनारे, गोपाल वाघमारे, मनोज लोनारे, प्रकाश लोनारे, राजु बाविस्टाले, शुभम लोनारे,ओम लोनारे सहित समाज बंधु उपस्थित थे।

## भगवान सहस्त्रबाहु जयंती श्रद्धा हर्षोल्लास से मनाई

**गोटेगांव, देशबन्धु।** श्रीधाम हैहय कुल गौरव भगवान विष्णु के चक्र सुदर्शन के अवतार भगवान दत्तात्रेय के विशिष्ट कृपा पात्र सम्राटों के सम्राट भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती हैहय क्षत्रिय कलचुरी समाज गोटेगांव के तत्वावधान में शुक्रवार को हर्षोल्लास से मनाई। कलचुरी समाज गोटेगांव के सम्माननीय अध्यक्ष राजेंद्र राय की अध्यक्षता में एवं समाज के वरिष्ठ संरक्षक मंडल महिला मंडल युवा मंडल वर्तमान पदाधिकारियों एवं बच्चों की उपस्थिति में मनाई।

समाज के वरिष्ठजनों का युवाओं के द्वारा माल्यार्पण तिलक बंदन किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ अरुण राय, गोपराय, बद्री प्रसाद चौकसे, अशोक जायसवाल, अरुण राय, ठेकेदार मनोज राय, रामकुमार जायसवाल, श्रद्धा चौकसे, अर्चना चौकसे, कलचुरी समाज महिला अध्यक्ष ऋतु राय ने अपने उद्बोधन में भगवान सहस्त्रबाहु के चरित्र की महिमा एवं इस शुभ अवसर पर शुभकामनाएं और बधाई दी। समाज के अध्यक्ष राजेंद्र राय ने गाडरवारा में आयोजित जिला जयंती समारोह में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने हेतु तथा समाज के सभी जनों को उपस्थिति हेतु आग्रह किया। सभी सामाजिक बधुओ को शुभकामनाएं एवं बधाइयां प्रेषित की। मंच का सफल संचालन मनीष राय के द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन अमित राय के द्वारा किया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण एवं सुल्पाहार के पश्चात समाज के देवलोक वासी आत्माओं को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गईतत्पश्चात सभी सामाजिक जनों एवं महिला मंडल के द्वारा श्रीधाम हॉस्पिटल में एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोटेगांव में मरीजों को फल वितरित किए गए।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से कलचुरी समाज के गोटेगांव अध्यक्ष राजेंद्र राय बद्री प्रसाद चौकसे, मानक लाल राय, अरुण राय, गोरेलाल राय, वृंदावन राय, शंकर लाल राय, चेतराम राय, रामकुमार जायसवाल, मनोज राय, रघुनाथ राय, गुल्लनराय, अमित राय, आशीष राय, अनुराग राय, चंद्रिका प्रसाद राय, सेवकराम चौकसे, वीरेंद्र चौकसे, सुनील राय, गोपचंद राय, कंछेदीलाल राय, सुरेश चौक से राकेश चौकसे , किशोरी लाल चौकसे, महेंद्र राय, घनश्याम राय, दिनेश चौकसे, शोभित राय, सौरभ राय, गौरव राय, सौरभ चौकसे, पलाश चौकसे, मोहित राय, कपिल राय, पप्पू राय, मानक चंद्र राय, गुड्डू राय, नरेंद्र राय, नितेश राय, बलराम राय, गोलू राय, अरुण राय, शिक्षक सुरेश राय, मुकेश राय, सुजय राय सहित अन्य सामाजिक बंधु मातृशक्ति की उपस्थिति रही।

## डुंगरिया में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे चौरई विधायक

**चौरई, देशबन्धु।** खेलों से ही मनुष्य के स्वस्थ्य शरीर व मन का विकास होता है वर्तमान समय में भागदौड़ भरी जिंदगी में प्रत्येक इंसान को कम से कम एक दो खेलों से जुड़े रहना जरूरी है उक्त उदगार चौरई विधायक मा. चौधरी सुजीतसिंह जी ने डुंगरिया में आयोजित रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा के समापन अवसर पर कही। आयोजन की सराहना करते हुये विधायक श्री चौधरी ने ऐसे आयोजनों से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिलता है।

पाँच दिन चले इस टूर्नामेंट में आसपास ग्रामीण क्षेत्रों की 16 टीमों ने भाग लिया फाइनल मैच डुंगरिया व पलटवाड़ा के मध्य हुआ जो कि मैच टाइ रहा जिसका फैसला सुपर ओवर में हुआ जिसमें डुंगरिया की टीम विजयी हुई। इस मौके पर विधायक चौधरी सुजीतसिंह जी के साथ रतिराम वर्मा जी, बेनीसिंह रघुवंशी जी धीरज खण्डेलवाल जी, अंकित पांडे जी, फकीरा पटेल जी, नन्हेलाल पंचेश्वर जी, ललित सोलंकी जी, सचिन पिंटू वर्मा जी, अविनाश शर्मा जी, आशीष वर्मा जी, पप्पू वर्मा जी, मुकेश वर्मा जी, परम वर्मा जी, मुरली साहू जी, गोपाल वर्मा जी, सागर वर्मा जी, बरातीलाल वर्मा जी, सुनील वर्मा जी, जनपद सदस्य अरविंद दाहिया जी, शिवनाथ वर्मा जी सरपंच, डॉ दिनेश ठाकुर जी सहित बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे। इस टूर्नामेंट का आयोजन वी आई पी क्रिकेट क्लब डुंगरिया ने किया।

## 540 किलो महुआ लाहन व दस लीटर अवैध शराब जब्त

**सिवनी, देशबन्धु।** आबकारी सिवनी मंडल की टीम द्वारा अवैध शराब के अड्डों पर छापे की कार्यवाही लगातार जारी है। आबकारी विभाग को सूचना प्राप्त हुई थी कि सिवनी शहर के निकट ग्राम पांढ़रवानी के जंगल में कुछ लोगों के द्वारा अवैध हाथ भट्टी कच्ची शराब बनाने के अड्डे चलाए जा रहे हैं। प्राप्त सूचना के आधार पर आज दिनांक सात नवंबर को सुबह 06.30 बजे आबकारी विभाग के सिवनी मंडल की टीम के द्वारा ग्राम पांढ़रवानी के जंगल में छापामार कार्यवाही की गई और अवैध हाथ भट्टी कच्ची शराब बनाने के अड्डों को नष्ट किया गया है।

अवैध हाथ भट्टी कच्ची शराब बनाने में प्रयुक्त सड़ा हुआ महुआ लाहन प्लास्टिक के अनेक डिब्बों में अलग अलग स्थानों में रखे पाया गया जिसे आबकारी विभाग की टीम के द्वारा नष्ट किया गया है। कार्यवाही में लगभग 540 किलोग्राम सड़ा हुआ महुआ लाहन एवं लगभग 10 लीटर अवैध हाथ भट्टी कच्ची शराब बरामद हुई है जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 57 हजार रुपए है। मौके पर कोई आरोपी उपस्थित नहीं मिला है। आरोपी के विरुद्ध प्रकरण कायम किया गया है। आज के छापे की कार्यवाही में आबकारी सिवनी मंडल के वृत्त शहर, उत्तर एवं वृत्त दक्षिण का कार्यपालिक स्टॉफ शामिल रहा है।

## न्यायिक मजिस्ट्रेट पहुंचे कंजई, लोगों को किया जागरूक

**गोटेगांव, देशबन्धु।** सदस्य सचिव मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरसिंहपुर के निर्देशानुसार न्यायालय की तहसील विधिक सेवा समिति, गोटेगांव द्वारा शुक्रवार को सुबह 10 बजे ग्राम पंचायत कंजई में विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तहसील विधिक सेवा समिति गोटेगांव के अध्यक्ष / न्यायिक मजिस्ट्रेट माननीय बॉबी सोनकर, कंजई ग्राम पंचायत के सचिव एवं सरपंच, न्यायालयीन कर्मचारीगण पैरालीगल वालेंटियर शाहिल मेहरा एवं ग्रामवासी, आदि उपस्थित रहे। विधिक सेवा सप्ताह के तहत विधिक सेवा योजनाओं के प्रचार प्रसार एवं उक्त योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में विहित प्रक्रिया की जानकारी तथा जनसामान्य तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने एवं न्याय के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है साथ ही नशा पीड़ितों को विधिक सेवाऐं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएँ योजना, 2015 के बारे में जानकारी प्रदान की गई। नशे से व्यक्ति के पारिवारिक, सामिजिक, एवं आर्थिक जीवन के दुष्परिणाम, आर्थिक बोझ, पारिवारिक समन्वयता के अभाव के बारे में बताया गया।

## दैनिक राशिफल

शनिवार 09 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। कार्तिक शुक्ल पक्ष की अष्टमी, नक्षत्र-श्रवण।

**मेष**
आज आपका मन बेचैन रहेगा। किसी बात को लेकर कुछ ज्यादा ही इमोशनल रहेंगे। आज किसी के साथ वाद-विवाद में न उतरें।

**वृषभ**
आर्थिक कामों में आज कोई अड़चन आ सकती है। मित्रों और रिश्तेदारों के मिलने से मन खुश रहेगा। व्यापार में भागीदारी के काम में आपको लाभ मिलेगा।

**मिथुन**
आपके दिन का आरंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से होगा। आप खुश रहेंगे। परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे।

**कर्क**
आज आपके धन की आय कम और व्यय अधिक होगा। आंखों के दर्द रह सकता है। मानसिक चिंता भी रहेगी। वाणी में संयम बनाए रखें।

**सिंह**
आज आपके मन में क्रोध और आवेश की भावना रहेगी। लोगों के साथ संभलकर बातचीत करें। स्वास्थ्य की दृष्टि से आज का दिन शुभ नहीं है। मन में चिंता रहेगी।

**कन्या**
आपकी आज की सुबह आनंदप्रद और लाभप्रद रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। उधार दिए पैसे वापस आ सकते हैं।

**तुला**
आज आपको शारीरिक और मानसिक सुख अच्छा रहेगा। व्यापार में आप उत्साहपूर्वक काम करेंगे।

**वृश्चिक**
आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में ना पड़ें। व्यवसाय में परिस्थिति अनुकूल नहीं होगी। संतान के साथ मतभेद हो सकता है।

**धनु**
आज आपको हर मामलों में सावधान होना पड़ेगा। क्रोध करने से हानि होने की आशंका बनी रहेगी। शारीरिक अस्वस्थता रह सकती है। बिजनेस में कर्मचारीयों का व्यवहार नकारात्मक रहेगा।

**मकर**
आज अपने प्रिय दोस्तों या रिश्तेदारों के साथ घूमने-फिरने का मन करेगा। वाहन-सुख मिलेगा तथा मान-सम्मान भी मिलेगा।

**कुंभ**
आज आपको काम में सफलता मिलेगा। इससे आपका यश बढ़ेगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। सामाजिकरूप से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन**
आज का दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। कला के क्षेत्र में आपकी अभिरुचि बढ़ेगी। मित्रों से हुई मुलाकात आनंद देगी।

म.

## वैनगंगा नदी के तट पर सत्संग ज्ञानयज्ञ का आयोजन

**छपारा, देशबन्धु।** नगर के वैनगंगा नदी के पावन तट पर 8 नवम्बर से सत्संग ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन काशी धर्म पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणा नंद महाराज के श्री मुख से भक्ति, प्रेम, क्षमा, सत्संग, उपासना के संदर्भ में विस्तृत वर्णन किया जाना है।

उक्त सत्संग ज्ञान यज्ञ सप्ताह मैं नगर छपारा के गोल्डन टेंपल बैनगंगा तट पर दिनांक 8 नवंबर से दिनांक 15 नवंबर 2024 तक श्री गोल्डन टेंपल धर्मार्थ ट्रस्ट छपारा एवं समस्त धार्मिक संगठन द्वारा भगवत कृपा से सत्संग ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है इस पुनीत जाप भक्ति साधना के संगम में समस्त श्रद्धालुओं को सपरिवार सादर आमंत्रित कर पुण्य लाभ अर्जित करने का निवेदन किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ शोभा यात्रा के साथ 8 नवंबर 2024 भक्तों की कल्याण के लिए प्रतिदिन 2 बजे से शाम 5 बजे तक महाराज श्री की सत्संग में कृपा बरसेगी।

कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव पूर्ण होती हवन भंडारा महाप्रसाद 15 नवंबर 2024 दिन शुक्रवार को होगा। बाहर से आने वाले श्रद्धालु भक्तों के लिए भोजन एवं आवास की सामचित व्यवस्था रहेगी। वैभव लक्ष्मी ग्रुप द्वारा भगवान श्री लक्ष्मी नारायण के श्री चरणों में सादर समर्पित है।

### प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला 12 को

सिवनी, देशबन्धु। प्राचार्य शासकीय आईटीआई सिवनी द्वारा जानकारी देकर बताया गया कि शासकीय आईटीआई सिवनी में एक दिवसीय प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन 11 नवंबर 2024 को सुबह 10 बजे से किया जाना प्रस्तावित है। आयोजित मेले में निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित कंपनियां विनर इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राईवेट लिमिटेड-, मीडिया इंडिया प्राईवेट लिमिटेड अहमदनगर महाराष्ट्र, रायॉन इल्यूमिनेशन एनर्जी प्राईवेट लिमिटेड ओरंगाबाद महाराष्ट्र शामिल होंगी। जिसमें आईआईटी पास, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग पास पुरूष एवं महिला जिनकी आयु 18 से 25 वर्ष हो ऐसे अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकेंगे। चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी द्वारा 14500 से 16500 प्रतिमाह वेतन एवं अन्य सुविधाएं दी जाएगी।